The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

CURRENT AFFAIRS BOOSTER

20 – 09 - 2022

TUESDAY



1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र में महिला सदस्यों के लिए पहली बार एक दिन किया गया आरक्षित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19 सितंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र से पूर्व रविवार को भाजपा और सहयोगी दलों के विधानसभा एवं विधान परिषद सदस्यों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार के मानसून सत्र में हमने 22 सितंबर का दिन दोनों सदनों की महिला सदस्यों के लिए आरक्षित रखा है। देश की किसी विधानसभा में ऐसा पहली बार हो रहा है। उस दिन विधानसभा की 47 और विधान परिषद की 6 महिला सदस्य ही अपना विषय रखेंगी। उन्होंने महिला सदस्यों से अनुरोध करते हुए कहा कि वह राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के विषय में जरूर बोलें। सीएम योगी ने संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से अनुरोध करते हुए कहा कि इस दिन को विशेष बनाने के लिए महिला सदस्य को दोनों सदनों में पीठासीन अधिकारी बनाएं। सीएम योगी ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि को एक जननेता बनने के लिए कुछ मौलिक बातों को ध्यान में रखना चाहिए। जब विधानमंडल की कार्यवाही चल रही हो तो उस दौरान हम पूरी तन्मयता के साथ उसमें हिस्सा लें। साथ ही अपने आचरण और समय का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जो सदस्य सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पा रहे हैं वो अपने सचेतक को इसकी जानकारी दे दें, जिससे समय पर कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।

2. देवेन्द्र झाझरिया मोरक्को में विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

देश के स्टार जैवलिन थ्रोअर, खेल रत्न अवार्डी देवेंद्र झाझड़िया ने मोरक्को के मारकेच सिटी में चल रही वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में भाला फेंक में रजत पदक जीतकर एक बार फिर देश का नाम रौशन किया है. 40 वर्षीय देवेंद्र ने 60.97 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर रजत पदक अपने नाम किया. जबकि भारत के ही अजित कुमार ने 64 मीटर जैवलिन फेंककर स्वर्ण पदक जीता.सिल्वर मेडल से उत्साहित झाझड़िया ने कहा कि वर्ष 2002 में उन्होंने दक्षिण कोरिया में पैरा एशियन गेम्स में गोल्ड के रूप में करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता था. आज 20 साल बाद पदक जीतकर गर्व की अनुभूति हो रही है. लगातार 20 साल तक देश के लिए पदक जीतना गौरवान्वित करता है.

3. महाराष्ट्र में बनाया जाएगा नीति आयोग की तर्ज पर एक राज्य स्तरीय संस्थान

यह संस्था नीति आयोग की तरह राज्य के समग्र विकास के लिए थिंक टैंक की भूमिका निभाएगी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नीतिगत विषयों पर सरकार को सुझाव देगी। नीतियों का विश्लेषण करेगी और देश विदेश की बेस्ट प्रैक्टिसेज को लागू करने में राज्य सरकार के विभागों का मार्गदर्शन करेगी। इसमें प्रदेश के समग्र विकास के लिए चिन्हित

सेक्टरों से जुड़े विशेषज्ञ भी होंगे जो सलाहकार की भूमिका निभाएंगे। सूत्रों के अनुसार राज्य नीति आयोग के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। उपाध्यक्ष राज्य सरकार की और से नामित व्यक्ति होगा। सेवानिवृत आईएएस अफसर अवनीश कुमार अवस्थी को आयोग का उपाध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रदेश के समग्र विकास के लिए विभिन्न विभागों को 10 प्रमुख सेक्टरों में वर्गीकृत किया है ताकि सभी कार्य योजनाएं बेहतर तरीके से संचालित हो सकें।

4. जापान में नानमाडोल तूफान ने दी दस्तक



जापान में करीब 20 लाख लोग कहीं और चले जाने को कहा गया है। इसकी वजह है देश की तरफ बढ़ रहा महाविनाशकारी तूफान नानमाडोल और इसकी वजह से मौसम विभाग की तरफ से असाधारण तौर पर 'खास चेतावनी' जारी की गई है। जापान की न्यूज एजेंसी एनएचके ने कहा है कि यह ताकतवर तूफान रविवार को किसी भी समय दस्तक दे सकता है। एनएचके ने बताया कि शनिवार को चार स्तरीय के बचाव निर्देश जारी किए गए हैं।इस तूफान को दूसरा सबसे शक्तिशाली तूफान करार दिया जा रहा है। इसकी वजह से दक्षिणी क्यूशू क्षेत्र के कागोशिमा, कुमामोटो और मियाजाकी में रह रहे लोगों को खतरा पैदा हो गया है। जापान के मौसम विभाग की तरफ से कोगोशिमा क्षेत्र में बसे लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई थी। यह चेतावनी तब आई जब मौसम विभाग ने दशकों बाद इस तरह का अलर्ट जारी किया। ओकिनावा क्षेत्र के बाहर यह पहला तूफान है जिसके लिए खास तरह से चेतावनी जारी हुई है। साल 2013 के बाद से ऐसी स्थिति इस ओकिनावा के बाहर देखी गई है। शनिवार शाम को तूफान नानमाडोल को मौसम विभाग ने 'वॉयलेंट' यानी हिंसक की श्रेणी में रखा था। इसकी वजह से 270 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। यह तूफान उत्तर-पूर्व मियामी दाइतो द्वीप की तरफ बढ़ रहा है जो कि 200 किलोमीटर दूर है।

5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार साल की मादा चीता का नाम 'आशा' रखा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में लुप्त हो गए चीता को फिर से अस्तित्व में लाने के लिए गंभीर रूप से प्रयासरत हैं. उन्हीं की कोशिशों का परिणाम है कि नामीबिया से 8 चीते भारत लाए गए हैं. पीएम मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर इन चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा. इस मौके पर उन्होंने इनमें से एक मादा चीता का नामकरण भी किया है. पीएम मोदी ने नामीबिया से लाए गए 8 चीतों में से एक मादा चीता का नाम 'आशा' रखा है. भारत में विलुप्त हो चुके चीता को फिर से आबाद करने का प्रयास किया जा रहा है. नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को शनिवार को पीएम मोदी ने कूनो नेशनल पार्क में रिलीज़ किया. भारत में विलुप्त हो चुकी इस प्रजाति को फिर से आबाद करने का प्रयास है. जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामीबिया से लाई गई जिस मादा चीता का नामकरण किया है, उसकी उम्र 4 साल है. बता दें कि भारत में उतरने पर चीता को फ्रैंस इंडोंगो के रूप में जाना जाता था. Frans Indongo नामीबियाई बिजनेसमैन हैं जो एक लग्जरी गेम रिज़र्व के मालिक हैं. चीता को उनकी संपत्ति से ही पकड़ा गया था. चूंकि वह एक जंगली जानवर है, इसलिए जब उसको सीसीएफ सेंटर लाया गया तो उसका नाम नहीं था. CCF ने पीएम के जन्मदिन के तोहफे

के तौर यह सम्मान प्रधानमंत्री के लिए सुरक्षित रखा था, ताकि पीएम मोदी इसका नाम रख सकें.

6. बेंगलुरु ने मुंबई सिटी को हराकर जीता पहला डूरंड कप

बेंगलुरु एफसी ने रविवार को करीबी फाइनल मैच में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर पहली बार डूरंड कप खिताब जीता था। शिव शक्ति (11वां मिनट) और एलेन कोस्ट (61वां मिनट) ने विजयी टीम के गोल जमाये, जबकि मुंबई एफसी का एकलौता गोल अपुइया ने 30 वें मिनट में पूरा किया था शिव शक्ति ने बेंगलुरु को शानदार शुरुआत दिलाते हुए 11वें मिनट में ही पहला गोल कर दिया था। शिव शक्ति मुंबई के क्षेत्ररक्षकों को छकाते हुए गोलकीपर के पास पहुंचे, जो गोल से कुछ दूर आ चुका था। इस बात का फायदा उठाते हुए शिव शक्ति ने बॉल को गोलकीपर के सिर के ऊपर से नेट में पहुंचाया और टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी।मुंबई सिटी ने कुछ देर बाद वापसी की और अपुइया ने 30वें मिनट में फ्री किक को गोल में तब्दील किया। पहले हाफ में 1-1 की बराबरी के बाद कोस्टा ने 61वें मिनट में गोल किया जो निर्णायक साबित हुआ। कोस्टा ने कप्तान छेत्री की कॉर्नर किक को दिशा दिखाते हुए बॉल को नेट में पहुंचाया, जिसकी बदौलत बेंगलुरु एफसी ने 2-1 से जीत दर्ज की।बेंगलुरु के कप्तान 38 वर्षीय छेत्री ने अपने करियर में केवल डूरंड कप नहीं जीता था, लेकिन रविवार की जीत के बाद उन्होंने यह खिताब भी हासिल कर लिया। साल 2013 में अस्तित्व में आये बेंगलुरु एफसी क्लब के लिये भी यह पहला डूरंड कप खिताब है।

7. भारत चीन को पीछे छोड़ श्रीलंका का सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता बना



2017 से 2021 के बीच चीन श्रीलंका का सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता रहा है। साल 2021 में,चीन ने 947 मिलियन अमेरीकी डॉलर दिए थे। इसमें से 809 मिलियन अमरीकी डॉलर चीन विकास बैंक से उधार दिए गए थे। वहीं, इस समयावधि में एडीबी श्रीलंका के लिए सबसे बड़ा बहुपक्षीय ऋणदाता रहा है।आर्थिक संकटों का सामना कर रहे श्रीलंका को भारत ने इस साल सबसे ज्यादा मदद दी है। इसमें भारत द्वारा द्वीप राष्ट्र को दिया गया 377 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण भी शामिल है। वहीं, वेराइट रिसर्च थिंक-टैंक ने एक बड़ा दावा किया है। वेराइट रिसर्च थिंक-टैंक ने कहा है कि भारत इस साल श्रीलंका के लिए सबसे बड़े ऋणदाता के रूप में सामने आया है। वहीं, इस समय भारत, एशियाई विकास बैंक के 360 मिलियन अमरीकी डॉलर का ऋणी है। ये जनवरी से अप्रैल 2022 तक कुल भुगतान का 76 प्रतिशत हिस्सा है। कोलंबो के एक स्वतंत्र वेराइट रिसर्च थिंक-टैंक ने बताया कि 2022 के पहले चार महीनों में श्रीलंका को कुल 968 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण मिला है, इसमें भारत का योगदान 377 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। इस योगदान के साथ श्रीलंका के लिए भारत सबसे बड़े द्विपक्षीय ऋणदाता के रूप में ऊभर कर सामने आया है। एशियाई विकास बैंक (ADB) इस अवधि में 35.96 करोड़ डॉलर के साथ दूसरा सबसे बड़ा ऋणदाता था। इसके बाद विश्व बैंक है जिसने श्रीलंका को 6.73 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया है। गौरतलब है कि वैराइट रिसर्च एशिया में सरकारों और निजी क्षेत्र के लिए रणनीतिक विश्लेषण और सलाह देने काम करता है।

8. दार्जिलिंग के पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क को सर्वश्रेष्ठ चिड़ियाघर के रूप में मान्यता मिली

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क (पीएनएचजेडपी) को देश का सबसे अच्छा चिड़ियाघर घोषित किया गया है, जबकि कोलकाता के अलीपुर जूलॉजिकल गार्डन ने चौथा स्थान हासिल किया है। 10 सितंबर को भुवनेश्वर में एक चिड़ियाघर निदेशकों का सम्मेलन आयोजित किया गया था और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने ओडिशा की राजधानी में रैंकिंग सूची जारी की थी। देशभर में करीब 150 चिड़ियाघर हैं। सूची के अनुसार, चेन्नई में अरिग्नार अन्ना जूलॉजिकल पार्क ने दूसरा स्थान हासिल किया है, इसके बाद कर्नाटक के मैसूर में श्री चामराजेंद्र जूलॉजिकल गार्डन है। लाल पांडा PNHZP के शीर्ष आकर्षणों में से एक है, इसके अलावा हिमालयी ब्लैक बियर, स्नो लेपर्ड, गोरल और हिमालयन थार जैसे अन्य भी हैं। पीएनएचजेडपी के निदेशक बसवराज होलेयाची ने कहा, "हम उत्साहित हैं और इसका श्रेय प्राणी उद्यान के सभी श्रमिकों को जाता है।" केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने प्रबंधन और प्रभावशीलता जैसे विभिन्न मापदंडों के आधार पर सभी चिड़ियाघरों का मूल्यांकन किया और मूल्यांकन प्रक्रिया पर अंक दिए गए। चिड़ियाघर के निदेशक ने कहा कि दार्जिलिंग चिड़ियाघर को सबसे अधिक 83 प्रतिशत दिया गया। दार्जिलिंग चिड़ियाघर 14 अगस्त, 1958 को स्थापित किया गया था। प्राणी उद्यान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिम तेंदुए और लाल पांडा सहित पूर्वी हिमालय की लुप्तप्राय पशु प्रजातियों के प्रजनन और संरक्षण कार्यक्रमों के लिए मान्यता प्राप्त है।

ONE LINER

Meity ने कहाँ 500 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रोनिक्स विनिर्माण क्लस्टर को मंजूरी दी है - पुणे

किस राज्य सरकार ने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विभागों का विलय किया है - असम

भारतीय सेना ने कहाँ संयुक्त अभ्यास 'गगन स्ट्राइक' शुरू किया है - पंजाब

किस देश ने भारत के पूर्व नौसेना प्रमुख सुनील लांबा को मेधावी सेवा पदक से सम्मानित किया है - सिंगापुर

किस राज्य के मुख्यमंत्री ने दो नए जिलों का उद्घाटन किया है - छत्तीसगढ़

'पैट्रियट डे' कब मनाया गया है - 11 सितंबर

'निक्षय 2.0 पोर्टल' लांच किया गया, यह किस बीमारी से संबंधित है - TB

भारत में 'सतत तटीय प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन' कहाँ आयोजित किया गया है - ओडिशा

किसे बलूचिस्तान सरकार ने नसीराबाद जिले में पहली महिला उपायुक्त नियुक्त किया है - आयशा जेहरी

QUIZ

1. राष्ट्रीय पंच दिवस 2022 (National Punch Day) सितंबर में कब मनाया गया?

(a) 20 सितंबर
(b) 18 सितंबर
(c) 30 सितंबर
(d) 10 सितंबर

2. . हाल ही में किस क्रिकेटर एवं उनकी पत्नी को मैक्स लाइफ ने ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है?

(a) रोहित शर्मा और उनकी पत्नी ऋतिका सजदेह
(b) सुरेश रैना और उनकी पत्नी प्रियंका चौधरी
(c) हार्दिक पंड्या और उनकी पत्नी नतासा
(d) विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा

3. किस बंगलादेश के क्रिकेट गेंदबाज ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की है?

(a) सबीर रहमान
(b) रुबेल हुसैन
(c) सौम्य सरकार
(d) मसर्रफ़ हसन

4. किस टीम ने पहली बार डूरंड कप खिताब जीता है?

(a) एफसी गोवा
(b) मुम्बई सिटी एफसी
(c) केरला ब्लास्टर एफसी

(d) बेंगलुरु एफसी

5. किस राज्य ने विनाशकारी भूकंप की याद में हाल ही में आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया?

(a) गुजरात

(b) अरुणाचल प्रदेश

(c) सिक्किम

(d) मध्य प्रदेश

6. पूर्व क्रिकेटर कपिल देव ने हाल ही में ग्रांट थॉर्नटन भारत और किसके टीम के साथ मिलकर 'कपिल देव-ग्रांट थॉर्नटन इन्विटेशनल' टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा की है?

(a) डेल्ही गोल्फ क्लब

(b) भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर

(c) कुतुब गोल्फ कोर्स

(d) आर्मी गोल्फ क्लब

7. किस संस्था ने हाल ही में India Discrimination Report 2022 जारी की है?

(a) ऑक्सफैम कलाकार

(b) ऑक्सफैम इंडिया

(c) ऑक्सफैम मीडिया

(d) ऑक्सफैम व्यक्ति

8. उत्तर प्रदेश के किस शहर को हाल ही में पहली SCO पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी घोषित किया गया?

(a) वाराणसी

(b) अयोध्या

(c) सारनाथ

(d) मेरठ